आकाशवाणी चंडीगढ़

11 जुलाई 2025, समय 1305

अमरीकी अंतरिक्ष एजेंसी-नासा ने कहा है कि भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और एक्जिओम-4 मिशन के तीन अन्य क्रू सदस्यों की वापसी यात्रा 14 जुलाई से शुरू होगी। नासा के कमर्शियल क्रू प्रोग्राम के प्रबंधक, स्टीव स्टिच ने प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी। मिशन वापसी शुरू होने के कई घंटे बाद अंतरिक्ष यात्री प्रशांत महासागर में कैलिफ़ोर्निया तट के पास उतरेंगे। शुभांशु अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के 14-दिवसीय मिशन पर हैं। उनके माता-पिता ने कहा है कि उन्हें बहुत गर्व है कि शुभांशु अपना मिशन पूरा करके वापस लौटने के लिए तैयार हैं।

****

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री आरती सिंह राव ने आज हिसार से 'उज्ज्वल दृष्टि हरियाणा अभियान' का शुभारंभ किया।यह राज्यव्यापी अभियान स्कूली बच्चों को निःशुल्क चश्मे उपलब्ध कराने और 45 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों को निकट दृष्टि सुधार प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। मंत्री ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत एक लाख चालीस हजार से अधिक चश्मों का एक साथ वितरण किया जा रहा है जो कि राज्य के 22 जिला अस्पतालों, 50 उपमंडलीय अस्पतालों और 122 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से दिए जा रहे हैं ।उन्होंने कहा की यह देश में अपनी तरह का सबसे बड़ा और अनूठा अभियान होगा। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यह अभियान राष्ट्रीय नेत्रहीनता और नेत्र विकार नियंत्रण कार्यक्रम के तहत संचालित किया जा रहा है, जिसके लिए राज्य सरकार द्वारा विशेष बजट का प्रावधान भी किया गया है। उन्होंने कहा कि हिसार एक बहुत ही बड़ा मेडिकल हब कहलाता है इसीलिए अभियान की शुरुआत यहां से शुरुआत की गई है। हिसार के नागरिक अस्पताल को नई इमारत आबंटन किए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि भाव का चुनाव कर लिया गया है।अन्य विभागों की जमीन खरीदने के बारे में बातचीत चल रही है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा के सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की कोई कमी नहीं है हमारा मकसद है की सभी नागरिक अस्पतालों में सुपर स्पेशलिटी की सुविधा उपलब्ध करवाई जा सके।ताकि किसी को निजी अस्पताल में न जाना पड़े। उन्होंने कहा कि आज विश्व जनसंख्या दिवस भी मनाया जा रहा है। प्रदेश में जनसंख्या नियंत्रण के लिए बहुत सारे जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं।

****

श्रावण मास की वार्षिक कांवड़ यात्रा आज से शुरू हो गई है। कांवड़ यात्रा के दौरान, बड़ी संख्या में लोग उत्तराखंड के हरिद्वार, गौमुख और गंगोत्री जैसे तीर्थ स्थलों पर गंगा नदी का पवित्र जल लाने के लिए जाते हैं। दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकारों ने तीर्थयात्रियों के प्रबंधन के लिए व्यापक व्यवस्था की है। कांवड़ियों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए, राष्ट्री राजधानी क्षेत्र के शहरों में मालवाहक वाहनों का प्रवेश रात 10 बजे के बाद 11 जुलाई से 25 जुलाई तक प्रतिबंधित रहेगा। यातायात

को सुगम बनाने के लिए, प्रमुख मार्गों और प्रमुख चौराहों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, डिजिटल साइनबोर्ड और दिशा सूचक लगाए गए हैं।

****

हरियाणा की महिला एवं बाल विकास तथा सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि शासन और प्रशासन की कार्यप्रणाली में किसी भी प्रकार का अनुचित हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए। जनता को उनके न्यायसंगत हक के लिए संघर्ष न करना पड़े, इसके लिए व्यवस्था को इतना प्रभावी और संवेदनशील बनाया जाना चाहिए कि समस्याओं का समाधान समयबद्ध और निष्पक्ष ढंग से हो। कैबिनेट मंत्री कल फतेहाबाद में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं जनपरिवाद समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लें और समाधान में पारदर्शिता सुनिश्चित करें। इस बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 16 जनपरिवाद प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 9 मामलों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया जबकि शेष 7 मामलों में विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं। कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन मामलों की जांच लंबित है, उन्हें समयबद्ध रूप से निपटाया जाए और शिकायतकर्ता को उचित जानकारी उपलब्ध करवाई जाए। बैठक के दौरान मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वे जनता से सीधे संवाद बनाए रखें और क्षेत्र में नियमित रूप से दौरा कर जनता की समस्याओं से रूबरू हों। उन्होंने यह भी कहा कि जो अधिकारी जन समस्याओं की अनदेखी करेंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

****